ONGC-NSTFDC के बीच समझौता, आदिवासी छात्रों को मिलेगा फायदा

ओएनजीसी ने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम (एनएसटीएफडीसी) के साथ आदिवासी छात्रों के कल्याण के लिए समझौता किया है. इसके तहत ओएनजीसी एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के बुनियादी ढांचे, डिजिटल शिक्षा, करियर मार्गदर्शन और छात्राओं के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार करेगा.

TV9 Bharatvarsh Updated on: Jan 05, 2026 8:26 PM IST

SHARE

आदिवासी छात्रों के कल्याण के उद्देश्य से ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी) ने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम (एनएसटीएफडीसी) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए. यह समझौता एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में पढ़ने वाले आदिवासी छात्रों के लिए किया गया है

इसके तहत ओएनजीसी अपनी कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी निधि से स्कूलों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगा. सोमवार (5 जनवरी) को डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए. समझौता ज्ञापन पर एनएसटीएफडीसी की उप महाप्रबंधक बिस्मिता दास और ओएनजीसी के सीएसआर प्रमुख डॉ. देबासिस मुखर्जी ने हस्ताक्षर किए.